एपेक्स फार्मेसी इंस्टिट्यूट द्वारा एड्स जागरूकता

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, समसपुर चुनार, मिर्ज़ापुर के बी.फार्मा एवं डीफार्मा के छात्र छात्राओं ने आज दिनांक 11 दिसम्बर, 2019 को तोस्वा प्राथमिक विद्यालय में जीएमआर द्वारा आयोजित ग्रामीण क्षेत्रों में एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्ले कार्ट्स, पोस्टर एवं नाटक के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को एड्स के लक्षण, दुष्प्रभावों एवं बचाव के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम के आयोजक जीएमआर कंपनी के चीफ प्रोजेक्ट मेनेजर अनुराग जोशी, चन्दन मिश्र, वीरेंदर शुक्ल एवं डॉ हहंस्राज ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्किट की सराहना करते हुए फार्मेसी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री को छात्रों की बेहतर प्रस्तुति हेतु ट्राफी एवं छात्रों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया. एड्स जागरूकता कार्यक्रम में एपेक्स कॉलेज की फैकल्टी अर्पिता, अनुराधा, अनित झा, संजय चौरसिया, नेहा, राममनोहर, विशाल, अरविन्द सहित एपेक्स के प्रबन्धक हिमांशु त्रिपाठी उपस्थित रहे.

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के छात्र छात्रों द्वारा एड्स जागरूकता हेतु स्किट प्रस्तुतीकरण

प्ले कार्ट्स के माध्यम से एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के छात्र छात्रों द्वारा एड्स जागरूकता

सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति हेतु एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के
प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री एवं छात्र छात्राएं
जीएमआर के चीफ प्रोजेक्ट मेनेजर अनुराग जोशी द्वारा सम्मानित